VIRAT VAIBHAV, Delhi, 24.1.2024
Page No. 3, Size:(6.01)cms X (9.84)cms.

दिल्ली में फोपो कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

वैभव न्यूज ■ नई दिल्ली

फेडरेशन ऑफ ऑइल पीएसयू ऑफिसर्स (फोपो) की कार्यकारी समिति के सदस्यों की बैठक का आयोजन दिल्ली में किया गया जिसमें इन पीएसयू के कार्य निष्पादन पर प्रभाव डालने वाले विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। बता दें कि फोपो के संघटक सदस्यों में अधिकांश पीएसयू महारत्ना कंपनियों (आईओसीएल, ओएनजीसी, बीपीसीएल, एचपीसीएल, गेल एवं ऑइल इण्डिया), की श्रेणी में आते हैं जिनका हमारे देश की पिछले कुछ वर्षों की विकास गाथा में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही ये संस्थाएं भारत सरकार की कुछ महत्वपूर्ण समाज कल्याण योजनाओं (यथा उज्ज्वला, स्किल इण्डिया, मेक इन इण्डिया एवं कई अन्य) के सफलतापूर्वक कार्यान्वन में विशेष भूमिका निभा रही हैं जिनसे देश के आर्थिक विकास का लाभ समाज में साम्य रूप से एवं विशेषतया पिछड़े वर्गों तक पहुंचे। बैठक में विभिन्न हितधारकों यथा सरकार, समाज, ग्राहकों, अंशधारकों, कर्मचारियों इत्यादि के हितों को अधिकाधिक रूप से बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी क्योंकि इनके हितों को बढ़ने से ही प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सदस्यों के हित प्रभावित होते हैं। सभी संघटक संस्थानों के देश भर से आए 20 से अधिक पदाधिकारियों ने इस बैठक में भाग लिया।